हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री


अशोक नगर सड़क की हालत जर्जर, भरा रहता है पानी, कीचड़ से होकर जाते है लोग।



## एंटी-रैबीज़ तथा टिटनेस के इंजेक्शनों की कमी

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में एंटी-रैबीज़ तथा टिटनेस के इंजेक्शनों की कमी के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कोर्ट कमिश्नर को अस्पताल की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव को शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस की डीबी में राज्य के अधिवक्ता ने यह बताया कि बिलासपुर के ज़िला अस्पताल में एंटी-रैबीज़ और टिटनेस के इंजेक्शनों की कमी के संबंध में, समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार असत्य है। उन्होंने 5 अप्रैल 2026 के निर्देशों की एक प्रति प्रस्तुत की, जिसे छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव को अग्रेषित किया गया है।

# अवैध प्लाटिंग : निगरानी करने कलेक्टर ने बनाई 9 सदस्यों की टीम

- टीम में कलेक्टर अध्यक्ष, एसपी सचिव
- हर सप्ताह अवैध प्लॉटिंग की रिपोर्ट देने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लॉटिंग को लेकर सरकार ने अपना रूख और कड़ा कर दिया है। इस संबंध में शासन से जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर द्वारा अवैध प्लॉटिंग पर सतत निगरानी करने 9 सदस्यों की टीम भी गठित कर दी है। टीम को हर सप्ताह अवैध प्लॉटिंग को लेकर की गई कार्रवाई की जानकारी देनी होगी।

किसानों से औने-पौने दाम में जमीन खरीदकर उन्हें किश्तों में राशि का भुगतान कर उस जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर लाखों-करोड़ों कमाने वाले जमीन दलालों की सरकार ने खाट खड़ी कर दी है। शासन द्वारा हाल ही में एक ऐसा सर्कुलर जारी किया गया है, जिसमें अवैध प्लॉटिंग पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस सुर्कलर के मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से नौ सदस्यों की टीम का गठन भी किया जा चुका है, जो अवैध प्लॉटिंग स्थल पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने के साथ ही इस अवैध धंधे में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी।

### शुरू कर दिया गया है काम

शासन द्वारा अवैध प्लॉटिंग को लेकर और कड़ाई करते हुए बीते दिनों आदेश जारी किए गए थे, जिसके परिपालन में कलेक्टर द्वारा टीम गठित की गई है। टीम ने निर्देशानुसार अपना काम प्रारंभ कर दिया है।

- मनीष कुमार साहू
एसडीएम बिलासपुर

### की गई है कड़ाई

अवैध प्लॉटिंग को लेकर शासन द्वारा बीते दिनों सर्कुलर जारी किए गए हैं, जिससे इसमें और कड़ाई की गई है। हालांकि जिले में पहले से ही अवैध प्लॉटिंग की आशंका वाले करीब एक हजार खसरों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। प्रतिबंधित एक हजार खसरों का रकबा एक हजार एकड़ से भी अधिक होगा।

- आरके स्वर्णकार
जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

### जिला स्तरीय टीम में ये रहेंगे शामिल

कलेक्टर की अध्यक्षता वाली इस टीम में एसपी सचिव की भूमिका में रखे गए हैं। इसी तरह सीईओ जिला पंचायत, कमिश्नर नगर निगम व संयुक्त संचालक ग्राम तथा नगर निवेश को भी सदस्य के रूप में रखा गया है। टीम में अवैध प्लॉटिंग के प्रकरणों पर कार्रवाई के लिए जिले के सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। नगर निगम के सभी जोन कमिश्नर एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को भी सदस्य के रूप में कार्रवाई करने का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जिले के सभी तहसीलदारों को भी उनके कार्य एवं प्रभार क्षेत्र के लिए सदस्य बनाया गया है। टीम में सभी जनपद के सीईओ भी सदस्य के रूप में अपने कार्यक्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध कार्य करेंगे।

### उन किसानों के भुगतान का क्या, जिन्होंने भू-माफिया को जमीन बेच दी?

अवैध प्लॉटिंग के काले धंधे से जुड़े लोगों के द्वारा किसानों से कौड़ियों के दाम पर जमीन खरीदकर न्यूनतम राशि का भुगतान कर दिया जाता था। इसके बाद किसान को स्वयं रजिस्ट्री आफिस में खड़े होकर मालिक की तरह खरीददारों के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करने की बात कही जाती थी। इसके लिए किसान को लेने गांव तक बकायदा कार भी भेजी जाती थी, जिससे किसान झांसे में आ जाते थे। अब तो कच्ची प्लॉटिंग अंतर्गत जमीन की बिक्री होनी ही नहीं है, ऐसे में उन किसानों के शेष भुगतान का क्या होगा जो भू-माफियाओं के पास फंसा हुआ है।

### एक हजार खसरों की रजिस्ट्री पर रोक

जिले में राजस्व विभाग, नगर पालिक निगम एवं अन्य विभागों द्वारा समय-समय पर अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद जिला पंजीयन विभाग में करीब एक हजार खसरों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन खसरों के कुल रकबे की बात की जाए तो सबको मिलाकर इनका रकबा एक हजार एकड़ से भी अधिक हो सकता है। अवैध प्लॉटिंग को लेकर जिले में पहले से ही पर्याप्त कड़ाई बरती जा रही थी, लेकिन शासन द्वारा जारी सर्कुलर के बाद अब इस काले धंधे से जुड़े लोगों का निश्चित रूप से हुक्का पानी बंद हो जाएगा।

### चेकिंग से बचने ट्रेन से उतरा और चढ़ गया पुलिस के हत्थे

# छोटे नोटों का बड़ा धंधा, सूटकेस में 18 लाख लेकर जा रहा युवक पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन में चेकिंग होने की खबर मिलते ही एक युवक जंगल के छोटे स्टेशन में उतर गया। इसी दौरान अपराधी की तलाश में भटक रही पुलिस की नजर स्टेशन के बाहर उक्त युवक पर पड़ गई, पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर सूटकेस व बैग खोलकर देखा तो उनमें नोटों की गड्डियां भरी मिलीं। पुलिस को युवक के पास से 17 लाख 90 हजार रुपए मिले हैं। युवक से रुपए के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 6 अप्रैल को आमागोहन निवासी कल्पना तिवारी के साथ नकाबपोश युवक ने सोने की चेन लूटने की कोशिश की थी। उक्त मामले के आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टेंगनमाड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर एक युवक दो सूटकेस, एक पिठ्ठु बैग लेकर खड़ा हुआ था। संदेह होने पर वे स्टाफ के साथ उसके पास जा रहे थे तो युवक सूटकेस छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों सूटकेस व बैग खोलकर देखा तो 10, 20, 50 रुपए के 81 बंडलों में कुल 17 लाख 90 हजार रुपए मिले। पकड़ा गया युवक बिलासपुर स्थित पुराना बस स्टैण्ड कश्यप कालोनी निवासी पवन बजाज पिता अर्जून बजाज 35 साल है।


नोट के बंडल के साथ गिरफ्तार आरोपी।

पूछताछ में उसने बताया, बिलासपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन से कटनी उक्त रकम छोड़ने जा रहा था। रास्ते में पता चला ट्रेन में सघन जांच चल रही है। डर के कारण वह जंगल के छोटे रेलवे स्टेशन टेंगनमाड़ा में उतर गया था। यहां किसी परिचित को बुलाकर सड़क मार्ग से कटनी जाने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने उक्त रकम को संदिग्ध एवं किसी अपराध से संबंधित होने के संदेह में बीएनएस की धारा 106 के तहत जब्त कर लिया। युवक को हिरासत में लेकर उक्त रकम के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### कमीशन में छोटे नोट लेकर जा रहा था कटनी

प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया, वह कटनी के व्यापारियों के लिए शहर के बैंक व अलग अलग लोगों से छोटे नोट की गड्डी एकत्रित कर कटनी छोड़ने जा रहा था। 1000 रुपए के एवज में उसे व्यापारी 100 रुपए कमिशन देते हैं। व्यापारी उक्त नए नोटों की माला बनाकर शादी ब्याह के लिए बेचते हैं।

### हवाला का संदेह

पुलिस को उक्त रकम हवाला का होने का संदेह है। गैर कानूनी काम करने वाले पकड़े जाने के डर से इसी तरह मोटी रकम का आदान प्रदान करते हैं। बहरहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। पूछताछ पूरी होने पर उक्त रकम कहां से आई और किसके पास जा रही थी, इसका खुलासा हो पाएगा।

# डीपी कालेज शिक्षण समिति को मिली हाईकोर्ट से राहत

### कोर्ट ने रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी को नए सिरे से जांच की छूट भी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा अनियमितता और गड़बड़ी की शिकायत को लेकर डीपी विप्र कालेज बिलासपुर की जांच के निर्देश दिए थे और जांच अधिकारी भी नियुक्त कर दिया था। इसके खिलाफ डीपी विप्र कालेज शिक्षण समिति ने याचिका दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी द्वारा जारी जांच आदेश को रद्द कर दिया है और नए सिरे से स्पष्ट आदेश के साथ जांच की छूट भी दी है।

याचिकाकर्ता डीपी विप्र कालेज शिक्षण समिति ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा 22 फरवरी 2026 को नोटिस जारी करने और उसे जारी रखने की संपूर्ण कार्रवाई को रद्द करने की मांग की थी। याचिका में इसे मौलिक



और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस एनके चन्द्रवंशी के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से बताया गया कि शिक्षण समिति छत्तीसगढ़ सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1973 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गठित एक सोसायटी है जिसका पंजीकरण अप्रैल 1971 में हुआ है। समिति डीपी विप्र के नाम से कालेज चलाती है। गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय संघ और प्रो. सुबीर सेन गैर अनुदान प्राप्त आशावादी महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ द्वारा 9 दिसंबर 2025 को की गई। शिकायत के आधार पर याचिकाकर्ताओं को नोटिस भेजा गया था जिसके जवाब में उन्होंने विस्तृत उत्तर दिया और स्पष्ट किया कि कालेज के प्रबंधन और संचालन में कोई अनियमितता या अवैधता नहीं है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 23 फरवरी 2026 के आदेश और ऊपर दिए गए दस्तावेजों की सूची में मौजूद अस्पष्टता को देखते हुए यह समझना कठिन है कि किन तथ्यों आरोपों अनियमितताओं या अवैधताओं की जांच की जानी है। इसलिए इस याचिका को लंबित रखने के बजाए न्यायालय 23 फरवरी के विवादित आदेश और 27 फरवरी के अनुवर्ती नोटिस को रद्द करना उचित समझाता है तथा रजिस्ट्रार फर्म और सोसायटी को नए सिरे से आदेश पारित करने की स्वतंत्रता देता है।




## जनसमस्या निवारण शिविर 16 अप्रैल से

**बिलासपुर।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविरों 16 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ये शिविर 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर 2 जुलाई तक विभिन्न तहसीलों में लगेगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करने पर विशेष जोर रहेगा। 16 अप्रैल को बिल्हा से शिविरों की शुरुआत होगी। 25 अप्रैल को बिलासपुर और 30 अप्रैल को तखतपुर में शिविर लगेगा।

## सिविल लाइन थाने से संदेही युवक भागा, मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** थाने में एक युवती युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने आई। उसी दौरान पीछे से युवक भी थाने आ गया। युवती ने पुलिस को बताया कि यही युवक आरोपी है। डीओ अधिकारी ने उसे थाने में बैठाने को कहा तो युवक भागने लगा, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मी उसे दौड़ाने लगे, किन्तु युवक भाग निकला। 9 अप्रैल को दोपहर एक युवती अपने पिता के साथ सिविल लाइन थाने में एक युवक की रिपोर्ट लिखाई पहुंची। युवती डीओ अधिकारी से अपनी शिकायत दर्ज करा रही थी। इसी दौरान उक्त युवक पीछे से थाने में आ गया। युवती ने युवक को थाने में देखकर कहा यही युवक है जो उसे परेशान कर रहा है। डीओ अधिकारी ने कर्मचारियों को उसे पकड़कर थाने में बैठाने कहा। इस पर युवक थाने से बाहर निकलकर भागने लगा। पुलिसकर्मी उसे पकड़ने के लिए पीछे दौड़ाने लगे। युवक के पीछे पुलिसकर्मियों को भागते देखकर थाने में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मी उक्त युवक को नहीं पकड़ पाए और वह गाड़ी लेकर थाने से रफूचक्कर हो गया।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## मौसम में बदलाव, अब गर्मी के सितम होंगे तेज

**बिलासपुर।** मौसम अब करवट ले रहा है, कुछ दिनों से जारी गर्जन और हल्की बारिश का दौर थमने लगा है और प्रदेश में गर्मी धीरे-धीरे फिर से बढ़ने लगी है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। जिससे लोगों को दिन में तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। पिछले 24 घंटों में उत्तर छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है हालांकि अब आने वाले दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है।

## खबर संक्षेप

### माय भारत बजट क्विज के फाइनल राउंड के लिए दीपक का चयन



**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत के लिए गौरव का विषय है कि, महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र दीपक कुमार राठौर का चयन प्रतिष्ठित 'माय भारत बजट क्विज' क्विज के फाइनल राउंड के लिए हुआ है। देशभर के लाखों युवाओं के बीच दीपक ने अपनी प्रतिभा, ज्ञान और समर्पण के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि, 12 एवं 13 जनवरी को रायपुर में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए दीपक को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, दीपक ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे सीपत क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### धर्म व गौमाता की रक्षा का भार हमारे कंधों पर: पं आशुतोष



**सीपत।** सीपत क्षेत्र के ग्राम बिटकुला में साहू परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण की अष्टदा प्रकृति, 16 हजार 108 पटरानियों के साथ विवाह एवं सुदामा चरित्र कथा का वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित आशुतोष तिवारी ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि, रूखमणि जी भगवान श्रीकृष्ण जी से कहती हैं कि, हे प्रभु आप तो अजन्मे, सर्वव्यापी, दयानिधि, करुणा के सागर हैं, आपके रूपों को इस नेत्र से देख पाना असंभव है। कथावाचक ने बताया कि, अपने धर्म व कलयुग में गौमाता की रक्षा का भार हमारे कंधों पर है। उन्होंने कहा, संकट में भगवान भक्तों की रक्षा करने खुद चले आते हैं। कथा के दौरान संपूर्ण वातावरण श्रीकृष्ण नाम, भक्ति, प्रेम और गुरु कृपा से सराबोर हो उठा। आयोजन के तहत प्रतिदिन आकर्षक झांकियां निकाली गईं। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के मुख्य यजमान साधराम शांति साहू, परदेसी लाल साहू, लक्ष्मी प्रसाद साहू हैं।

### 17 वर्षीय मजदूर की मौत, दूसरा गंभीर, ग्राम गढ़वट की घटना

# रेत से भरा ट्रैक्टर पलटा, अवैध खनन ने ले ली मासूम की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़वट के पास खारंग नदी में अवैध रेत उत्खनन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। रात के अंधेरे में रेत से भरा ट्रैक्टर के पलटने से 17 वर्षीय नाबालिग मजदूर अमित कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर अमित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अमित कश्यप पिता रमेश कश्यप और घायल अमित यादव पिता विजय यादव ग्राम गढ़वट के निवासी हैं। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि, मौत ट्रैक्टर पलटने से हुई या रेत का ढेर धंसने से मजदूर दब गया।

### लंबे समय से जारी है अवैध खनन

स्थानीय लोगों के अनुसार, गढ़वट, खैरखुंडी, सरवनदेवरी और लखराम क्षेत्र में लंबे समय से बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर और हाइवा के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन किया जाता है। इसके बावजूद खनिज विभाग और प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन लगातार जारी, प्रशासन मौन







**नदी का स्वरूप बिगड़ा, पर्यावरण पर खतरा:** लगातार हो रहे अवैध उत्खनन के कारण खारून नदी का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। नदी में जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और किनारों पर रेत के पहाड़ खड़े हो गए हैं, जिससे जलस्रोत और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि, सरवनदेवरी के पास बने एनिकट का गेट तोड़कर नदी का पानी खाली कर दिया गया, ताकि मशीनों से आसानी से रेत निकाली जा सके। यह कार्रवाई रेत माफियाओं की मनमानी और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है।

**सुबह से रात तक चलता है अवैध धंधा:** ग्रामीणों का कहना है कि, सुबह 5 बजे से देर रात तक लगातार रेत का उत्खनन और परिवहन किया जाता है। बड़ी मशीनों जैसे जेसीबी का खुलेआम उपयोग हो रहा है, जबकि नियमों के अनुसार इसकी अनुमति नहीं है। स्थानीय लोगों ने खनिज विभाग और प्रशासन पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि, कभी-कभार छोटी कार्रवाई कर खानापूर्ति की जाती है, लेकिन बड़े स्तर पर चल रहे अवैध खनन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि, अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### बेलतरा से लेकर कोटा तक माफिया का आंतक: विजय

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व बेलतरा से विधायक प्रत्याशी रहे विजय केशरवानी ने जिले में खनिज माफियाओं के चल रहे गोरखधंधे पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने और इस तरह की गड़बड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विजय ने कहा कि माफिया के आंतक के कारण बेलतरा से लेकर कोटा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। रेत और मुरुम की बेतहाशा हो रही खोदाई के कारण सरकार को भी चौतरफा नुकसान हो रहा है। खनिज पदार्थों के बेतहाशा दोहन के कारण पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। मुरूम की अवैध खोदाई के कारण बेशकीमती सरकारी जमीनें ना केवल खराब हो रही है बल्कि चंबल घाटी जैसा हाल हो गया है और इससे लोगों के जानमाल का खतरा भी पैदा हो गया है। विजय ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा, की आख़िर ज़िला प्रशासन क्यों इतना मजबूर और असहाय है , अगर समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो किसी भी दिन किसी भी क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन की बेरुखी के कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूटने लगा है। यह किसी दिन बड़े रूप में सामने आ सकता है। "विजय ने सवाल उठाते हुए कहा, सरकारी तंत्र के होने के बावजूद किसके संरक्षण और किसके इशारे पर जिले में तबाही मचाई जा रही है। आख़िर किसका संरक्षण इस तरह के काम करने वालों को मिला हुआ है इसे भी बेनकाब करने की जरुरत है।

## एनटीपीसी सीएसआर मद से 37.70 लाख के कार्यों का भूमिपूजन



**सीपत।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत रलिया में गुरुवार को एनटीपीसी के सीएसआर मद से 37 लाख 70 हजार रुपए की लागत से बनने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस स्वीकृत राशि से गांव में सीसी रोड निर्माण, मुक्तिधाम की बाउंड्रीवाल तथा मुक्तिधाम शेड का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा और पंचायत के विकास को नई मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य भास्कर पटेल ने कहा कि, ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, और आने वाले समय में क्षेत्र में और भी अनेक जनहितकारी कार्य स्वीकृत कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि, गांवों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार ही उनकी प्राथमिकता है, और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनका संकल्प है। वहीं सरपंच प्रतिनिधि शैलेन्द्र सांडे ने कहा कि, ग्राम रलिया को विकास के हर क्षेत्र में आगे ले जाना उनका लक्ष्य है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए जनप्रतिनिधियों एवं एनटीपीसी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, इन कार्यों के पूर्ण होने से गांव की आधारभूत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। इस अवसर पर जनपद सदस्य भास्कर पटेल, सरपंच प्रतिनिधि शैलेन्द्र सांडे, उपसरपंच प्रतिनिधि अश्वनी पटेल, सचिव मदन पात्रे, दिगम्बर साहू, रोहित कुर्रे, राजेश, रामचंद, वीरेंद्र, धनीराम, पवन, गंगाराम, बिहारी सहित पंच प्रदीप, उमेश, जमीर, जगराम, शिवनारायण, एनटीपीसी के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एबीवीपी ने निकाली नक्सलवाद की प्रतीकात्मक शव यात्रा



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पेंड्रा नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को देश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश से नक्सलवाद के अंत के प्रतीक के रूप में नक्सलवाद की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली।

परिषद के कार्यकर्ताओं ने पेंड्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर दुर्गा चौक तक रैली निकाली। दुर्गा चौक में कार्यकर्ताओं ने "भारत माता की जय" के उद्घोष के साथ नक्सलवाद के पुतले का दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नक्सलवाद विरोधी नारे लगाए और देश की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती देने वाली ताकतों के प्रति अपना रोष व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। इस अवसर पर एबीवीपी पेंड्रा नगर मंत्री श्रेयांश पांडेय ने कहा कि, नक्सलवाद देश के लोकतंत्र और विकास के मार्ग में एक बड़ी बाधा रहा है तथा यह विचारधारा हिंसा और रक्तपात पर आधारित है। उन्होंने शासन-प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए बस्तर सहित पूरे देश में शांति एवं सुरक्षा की कामना की। वहीं, एबीवीपी नगर सह मंत्री आदित्य चतुर्वेदी ने कहा कि, केंद्र सरकार द्वारा नक्सलवाद उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयास देश को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं और भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहे हैं। कार्यक्रम में एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन कार्यों का निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**बिलासपुर।** नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जारी निर्माणाधीन कार्यों के साइट पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक समय सीमा भीतर सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने सबसे पहले अरपा उत्थान और तट संवर्धन योजना के तहत इंदिरा सेतु से अरपा सेतु तक बनाए जा रहे अटल पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम कमिश्नर ने नदी की ओर सड़क के किनारे रेलिंग और डिवाईडर एरिया में पौधे लगाने के निर्देश देते हुए जल्द ही डामरीकरण करने को कहा है, साथ ही नदी के किनारे बनाए गए नाला में जल्द ही स्लैब लगाने के निर्देश दिए है। उसके बाद वे गुरूनानक चौक से राजकिशोर नगर तिराहा तक चौड़ीकरण, नाला निर्माण और डामरीकरण कार्य का जायजा लेने पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर काम पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। सीएसईबी से समन्वय कर पोल के शिफ्टिंग के निर्देश दिए। इसके अलावा लगातार पानी के छिड़काव के भी निर्देश दिए है ताकि नागरिकों को असुविधा न हो। गुरूनानक चौक से राजकिशोरनगर चौक तक पांच करोड़ की लागत से सीएम नगरोत्थान योजना के तहत रोड चौड़ीकरण और नाला निर्माण कार्य शुरू किया गया है। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने अशोकनगर-बिरकोना निर्माणाधीन सड़क का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अशोकनगर चौक के पास बाधित बिजली पोल को एक सप्ताह के भीतर शिफ्टिंग के निर्देश दिए तथा मुख्य मार्ग में चल रहे कार्य को जल्द पूर्ण करने को कहा है ताकि चौक के पास कार्य जल्द शुरू किया जा सकें। अशोकनगर चौक से बिरकोना तक सड़क को चौड़ा कर मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत लगभग 17 करोड़ की लागत से गौरवपथ बनाया जा रहा है, जिसके तहत नाला निर्माण प्रारंभ है।

### लिपिकों की वेतन वृद्धि के लिए कौशल परीक्षा की बाध्यता समाप्त करे सरकार



**बिलासपुर।** छग प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ ने आज राजधानी रायपुर के इंद्रावती भवन में प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कोष लेखा पेंशन और लोक शिक्षण संचानालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया की प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त लिपिकों को कौशल परीक्षा के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। वेतन वृद्धि में रोक सहित वेतन से वसूली की कार्रवाई संयुक्त संचालकों कोष लेखा के माध्यम से की जा रही है, जबकि कौशल परीक्षा मात्र कंप्यूटर प्रोत्साहन भत्ते के लिए थी। एक वर्षीय डिप्लोमा पर वेतन वृद्धि दी जाती थी। वर्तमान में कौशल परीक्षा उत्तीर्ण ना करने वाले लिपिकों की वेतन से वसूली जैसे आदेश जारी हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के लिपिक ई ऑफिस के तहत काम कर रहे हैं। ए आई सॉफ्वेयर के माध्यम से बोलकर टाइप करने की प्रणाली प्रचलित है। ऐसे में कृतिदेव जैसी पुरानी पद्धति में टाइपिंग पास करने की अनिवार्यता लागू करना हास्यास्पद है। छग शासन पुराने ढर्रे को लागू करने में लगी है। उन्होंने शासन से मांग की है कि कौशल परीक्षा की बाध्यता समाप्त की जाए। आज के प्रदर्शन में प्रांतीय सचिव अमितेश तिवारी, जिलाध्यक्ष जवाहर यादव, निशा यादव, विभोर चतुर्वेदी, आकाश त्रिपाठी, मनोज वैष्णव, रवि अग्रवाल, राजन रिजवी, जय कुमार साहू, जगदीप बजाज, किशोर पटेल, लोकेश साहू आदि मौजूद थे।

### प्याऊ घर में सेवा देकर डॉ. सोमनाथ ने मनाया जन्मदिन




**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला बिलासपुर के स्काउटस, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और शिक्षकों द्वारा कलेक्टर कार्यालय के पास लगातार प्याऊ घर का संचालन कर राहगीरों को जल पिलाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य राज्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव शामिल हुए। उन्होंने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर राहगीरों को मिष्ठान खिलाकर तथा जल पिला कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बने। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश बाजपेई, पूनम सिंह, महेंद्र बाबू टंडन, सूर्यकांत खूंटे के साथ स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स की उपस्थिति रही।

### पदोन्नति में गड़बड़ी, कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग में नियमों की अनदेखी करते हुए कूटरचना के सहारे अपात्रों को पदोन्नत करने के मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। संघ ने कहा कि स्थापना प्रभारी अधिकारी, लिपिकों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर वरिष्ठता सूची जारी की गई है। साथ ही एक अप्रैल को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की प्रकाशित अनन्तिम वेतन सूची को निरस्त करते हुए प्राचार्य क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र के 5 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अनंन्तिम सूची से विलोपित की मांग की गई है। संभाग में पदस्थ 5 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अनंन्तिम सूची जारी करने,वरिष्ठता सूची में छेड़छाड़, कूटरचित सूची बनाने वाले स्थापना प्रभारी अधिकारी एवं स्थापना प्रभारी लिपिक को हटाने की मांग संघ द्वारा की गई है। संघ ने कहा कि 7 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी।

---

**बर्थ के अनुसार यात्रियों की संख्या बढ़ी** | **कंफर्म बर्थ नहीं मिलने से जनरल और स्लीपर कोच में सफर करने की मजबूरी**

# गर्मी में जनरल और स्लीपर से अधिक है एसी की वेटिंग, कैसे होगा सफर

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में जनरल और स्लीपर कोच के साथ एसी कोच में बर्थ के अनुसार यात्रियों की संख्या बनी है। इसके कारण एसी फर्स्ट से लेकर एसी थ्री में सफर करने के लिए कई लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। वहीं सुबह से दोपहर में चलने वाली गाड़ियों के जनरल व स्लीपर कोच में यात्री भी मजबूरी में सफर कर रहे हैं।

दोपहर की तेज धूप के कारण स्लीपर और जनरल के कोच भी ऊपर से गर्म हो जा रहे हैं, जिसकी वजह से कोच के अंदर बैठकर सफर करने वाले यात्रियों की हालत भी बिगड़ने लगी है। इस तरह की परेशानी लोकल, पैसेंजर के अलावा एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों के स्लीपर एवं जनरल कोच के यात्रियों को हो रही है। सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट में आगे और पीछे मिलाकर चार जनरल कोच और 11 से 12 स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों की हालत पिछले कुछ दिनों से काफी खराब हो गई है। सुबह से शाम तक भीषण गर्मी के साथ तेज धूप और चलती ट्रेन में गरम हवाओं के थपेड़ों की वजह से यात्री परेशान होने लगे हैं। इसकी वजह से



अब ज्यादातर यात्रियों की पहली पसंद एसी कोच हो गई है। एसी थ्री, एसी सेकेंड और एसी फर्स्ट में ज्यादा किराया लगने के बावजूद 50 से 75 फीसदी यात्री एसी कोच में बुकिंग करने लगे हैं, जिसके कारण कई लोगों को कंफर्म बर्थ मिलना भी मुश्किल हो गया है। मजबूरी में यात्रियों को सफर करने के लिए स्लीपर कोच की बुकिंग करनी पड़ रही है। इसका नतीजा यह हो गया है कि स्लीपर की तरह अब एसी कोच की वेटिंग भी बढ़ गई है।

### तत्काल में भी वेटिंग

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में सारी ट्रेनों के एसी कोच की वेटिंग काफी बढ़ जाती है। एसी कोच में अगर एक भी वेटिंग हो तो उसे सफर करने की अनुमति नहीं है। गर्मी अधिक के कारण एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हो गई है, जिसकी वजह से तत्काल ओपन होते ही यात्रियों को बड़ी मुश्किल से कंफर्म टिकिट मिल पा रही है।

### ← ट्रेनों की वेटिंग →

हावड़ा की ट्रेनो में 12261 हावड़ा दूरंतो के थ्री ए में 35, टू ए में 28, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के 3ए में 55, 2ए में 40, 12809 हावड़ा मेल के थ्री ए में 42, 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस के थी ए 35, 12859 गीतांजली एक्सप्रेस थ्री ए 67, 2ए 29, 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस थ्री ए 55, 22905 ओखा-शालीमार 3ए 18 की वेटिंग चल रही है।

मुम्बई की ट्रेनों में 12810 हावड़ा-सीएसटीएम मेल के एसी थ्री में 28, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस के थ्री ए में 58, 2ए में 25, 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस के थ्री ए 52, 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी 3ए 56, 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स के थ्री ए 58, 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस थ्री ए 66, 22512 कर्मभूमि एक्सप्रेस थ्री ए की 103, 12880 भुवनेश्वर एलटीटी थ्री ए 56 वेटिंग है।

दिल्ली और प्रयागराज की ट्रेनों में 18477 उत्कल एक्सप्रेस के थ्री ए 108, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एसी थ्री 38, 12823 छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति थ्री ए 29, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस के एसी थ्री 55 और एसी टू में 28, 15160 सारनाथ एक्सप्रेस एसी थ्री में 111, 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस एसी थ्री में 35 से वेटिंग है।

---

**असम में फिर से बनेगी भाजपा की सरकार**

# सीएम साय ने कहा युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मिडिल ईस्ट की परिस्थिति और युद्धविराम के संबंध में कहा कि युद्ध होना नहीं चाहिए क्योंकि युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकलता है। मुख्यमंत्री ने असम में विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि वहां भाजपा फिर से सरकार बनाएगी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भाजपा नेता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के परसदा स्थित आवास तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री कौशिक के बड़े भाई के निधन पर शोक संतृप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना, श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस दौरान मीडिया वालों से चर्चा करते हुए उन्होंने मिडिल ईस्ट की परिस्थितियों अमेरिका व ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर कहा कि युद्ध होना ही नहीं चाहिए क्योंकि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उनका कहना है कि हर हाल में संवाद ही रास्ता होना चाहिए युद्ध से केवल नुकसान होता है और युद्ध से किसी का भला नहीं होता। असम व पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि असम में भाजपा फिर से सरकार बना रही है।



### स्व. भुलऊ प्रसाद कौशिक को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के बड़े भाई स्व. भुलऊ प्रसाद कौशिक को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री कौशिक का 30 मार्च को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने बिलासपुर के परसदा स्थित विधायक निवास में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर स्व. भुलऊ प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि बड़े भाई स्व. भुलऊ प्रसाद कौशिक का स्नेह, संस्कार और त्याग जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। वे सरल, स्नेहमयी और अनुपम स्वभाव सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, मुंगेली सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पांडे, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे, दीपक सिंह, देवेंद्र कौशिक आदि मौजूद थे

# कैट ने की ई-कॉमर्स की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग

**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट ने सरकार से ई-कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स कंपनियों की बढ़ती मनमानी और अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर तुरंत सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने संसद द्वारा पारित जन विश्वास विधेयक 2.0 का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह कदम व्यापार में विश्वास और सुगमता को बढ़ाने वाला है। इससे देश के व्यापारियों और उद्यमियों को मजबूती मिलेगी और एक सकारात्मक कारोबारी माहौल बनेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी पूंजी से संचालित कुछ ई-कॉमर्स कंपनियां भारत के व्यापारिक संतुलन को बिगाड़ रही हैं। देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारी, जो आपूर्ति श्रृंखला और रोजगार का मुख्य आधार हैं, उनके सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो रही है। ऐसी कंपनियों को भारत में मनमानी करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ऑफलाइन और ऑनलाइन व्यापार के बीच समान अवसर जरूरी है, तभी देश की अर्थव्यवस्था संतुलित और मजबूत बनेगी। कैट ने सरकार से मांग की कि राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति को जल्द लागू किया जाए, सख्त और पारदर्शी नियम बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि विकास निष्पक्ष, संतुलित और सभी के लिए लाभकारी हो। वहीं कैट राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, जितेंद्र गांधी, आशीष अग्रवाल , दिलीप खेंडेलवाल , सुरेंद्र सिंह अजनानी, संजय मित्तल, परमजीत उबेजा ने भी ई-कॉमर्स की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# 6400 पर्यटकों को भाया एटीआर का वातावरण, बढ़े 14 फीसदी सैलानी

**बिलासपुर।** पिछले पांच माह के दौरान अचानकमार टाइगर रिजर्व कोर जोन में भ्रमण करने वाले करीब 6400 से अधिक सैलानियों को वातावरण काफी सुहावना लगा, जिसकी वजह से इस वर्ष सैलानियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14 फीसदी अधिक बढ़ी। इन सैलानियों की संख्या से एटीआर प्रबंधन को भी 47 लाख रुपए से अधिक की आय हुई।

एटीआर के कोर जोन में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या दिन-प्रतिदिन काफी बढ़नी शुरु हो गई है। यहां भ्रमण करने के लिए सैलानियों को जिप्सी की सुविधा दी जाती है, जिसके लिए ऑनलाइन बुकिंग करनी पड़ती है। भ्रमण करने वाले सैलानियों में शहर के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं। सैलानियों के रूकने और भोजन एवं नाश्ते के लिए एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बेरियर के पास ही एक बैगा रिसॉर्ट बनाया है, जिसकी देखभाल समिति के हाथों में दे दी गई है। कुछ दिन पहले यहां का रिसॉर्ट और अन्य सारे सामान जर्जर होते जा रहे थे, जिसे वर्तमान में काफी व्यवस्थित कर लिया गया है। प्रबंधन के अनुसार सैलानियों की संख्या बढ़ने के कारण एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बैगा रिसॉर्ट कैम्पस में सैलानियों को रोमांचक बनाने के लिए सेल्फी पाइंट तैयार कराया गया है। बैगा रिसार्ट परिसर में पार्किंग एरिया, पूछताछ केन्द्र, सफारी बुकिंग, सोविनियर शॉप, टाइगर केंटीन, स्वीमिंग पुल, डायरेक्शन बोर्ड एवं सभी कमरों में कमरा नम्बर एवं नाम का साईन बोर्ड लगाया गया है।

### कोर और बफर भ्रमण करने 16 गाड़ियां

प्रबंधन के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल का वातावरण पर्यावरण के अनुकूल है, जहां टाइगरों की संख्या में भी काफी बढ़ोत्तरी हुई है। इसके अलावा सैलानियों की संख्या के हिसाब से यहां गाड़ियों की संख्या भी बढ़ाई है। इन गाड़ियों में जिप्सी 7, योद्धा 2, एक बस, 6 नई गाड़ी महारानी नई जिप्सी सहित 16 गाड़ियों का संचालन समिति के सदस्य करते हैं।

### बना पर्यटन का केन्द्र

अचानकमार टाइगर रिजर्व के घने जंगल पर्यावरण के अनुकूल हैं, जहां वन्यप्राणियों की संख्या भी काफी अधिक है। यहां प्रदेश के अलावा अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। यह अब पर्यटन का केन्द्र बन गया है। अभी गाड़ियों की आवश्यकता अधिक नहीं है, लेकिन एक और गेट केंवची की ओर से खोलने का विचार किया जा रहा है।

-यू आर गणेश
डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

# डॉ. पुष्पा को डी.लिट की मानद उपाधि

**बिलासपुर ।** संस्कृत जगत की प्रख्यात विदुषी डॉ. पुष्पा दीक्षित को 7 अप्रैल को कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा डी.लिट् (की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उनके शैक्षणिक जीवन की चौथी मानद उपाधि है, जिससे पूरे देश में उनके योगदान को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। चंद्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि इससे पूर्व उन्हें उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा "महामहोपाध्याया" की उपाधि, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान द्वारा "वाचस्पति तथा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा डी.लिट् की मानद उपाधि प्रदान की जा चुकी है। डॉ. पुष्पा संस्कृत व्याकरण की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विदुषी हैं।

उन्होंने संस्कृत में स्नातकोत्तर में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। बाद में उन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल की। वे बिलासपुर स्थित शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत विभागाध्यक्ष रहीं और लगभग चार दशकों तक अध्यापन कार्य किया। डॉ. दीक्षित ने पाणिनीय व्याकरण को सरल बनाने के लिए "पौष्पी प्रक्रिया" नामक अभिनव पद्धति विकसित की है, जिससे जटिल संस्कृत व्याकरण को कम समय में समझना




संभव हो गया है। वे बिलासपुर में "पाणिनीय शोध संस्थान" की अध्यक्षा हैं, जहां देश-विदेश से विद्यार्थी आकर निःशुल्क संस्कृत अध्ययन करते है। वे विश्व संस्कृत सम्मेलन (एडिनबरा) में चयनित 15 प्रमुख संस्कृत कवियों में शामिल रही हैं। उन्हें भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम द्वारा 2004 में भी सम्मानित किया गया था।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



स्मृति दिवस

## दादी रतनमोहिनी के नेतृत्व में बहनों ने अपनाया समर्पण का मार्ग



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा राजयोग भवन में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी की प्रथम पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान बताया गया कि दादीजी के मार्गदर्शन में ही ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपना जीवन पूर्ण रूप से समर्पित किया। कार्यक्रम में सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने दादीजी के दिव्य और प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजयोगिनी रतनमोहिनी दादी अल्प आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ गई थीं। ईश्वरीय ज्ञान को जीवन का आधार बनाकर उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन विश्व सेवा में समर्पित कर दिया। दादीजी का जीवन सच्चे अर्थों में त्याग, तपस्या, अनुशासन और निःस्वार्थ सेवा का जीवंत उदाहरण रहा है। दादीजी केवल प्रशासिका ही नहीं थीं, बल्कि वे मातृत्व भाव से बहनों को आध्यात्मिक रूप से संवारने वाली मार्गदर्शक शक्ति थीं। उनके सानिध्य में बहनों ने राजयोग, पवित्र जीवन और विश्व कल्याण की भावना को अपने जीवन में उतारकर सेवा के क्षेत्र में स्वयं को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि दादीजी विदेश सेवा में जाने वाली प्रारंभिक बहनों में से एक रहीं। वर्ष 1950 के दशक में उन्होंने जापान में भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों तथा राजयोग के माध्यम से आत्मिक जागृति का संदेश दिया।

धर्म-क्षेत्र

## वर्तमान समय में कथा का श्रवण आत्मिक शुद्धिकरण



**बिलासपुर।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान ग्राम बिटकुली में चल रहा है, पूज्य श्री श्री 108 स्वामी शिवानंद महाराज का कथा पांडाल में आगमन हुआ। कथा के चौथे दिन पूज्य स्वामी का भव्य स्वागत आयोजकों और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा और शंखनाद के साथ किया गया।

पूज्य स्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और मुक्ति का मार्ग है। उन्होंने जोर दिया कि वर्तमान समय में भागवत कथा का श्रवण मानसिक शांति और आत्मिक शुद्धिकरण के लिए अनिवार्य है। भक्ति और कर्म का समन्वय स्वामी जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति पलायनवाद नहीं बल्कि कर्तव्य पथ पर अडिग रहना सिखाती है। भगवान कृष्ण का जीवन हमें जन कल्याण और धर्म की रक्षा के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देता है। कथा व्यास पीठ में विराजित पंडित आशुतोष तिवारी द्वारा भजनों और अमृत वचनों ने पांडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग पर व्यास पीठ से दिव्य व्याख्यान दिया गया, जिससे पूरा वातावरण 'जय श्री कृष्णा' के जयघोष से गूंज उठा। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## नि :स्वार्थ प्रेम, भक्ति की कथा है कृष्ण-सुदामा की मित्रता





**बिलासपुर।** राजस्व कालोनी स्थित शिव हनुमान प्रांगण में साव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा में कथावाचक आचार्य पं. दिनेश पाण्डेय चित्रकूट धाम ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की सच्ची मित्रता, निःस्वार्थ प्रेम और भक्ति की कथा है। कथावाचक ने बताया कि निर्धन सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारकाधीश कृष्ण से मिलने जाते हैं और बिना कुछ मांगे ही कृष्ण उनकी दरिद्रता दूर कर देते हैं। यह कथा सच्ची मित्रता और समर्पण का प्रतीक है। सुदामा और श्रीकृष्ण सांदीपनि ऋषि के आश्रम में गुरुभाई और बचपन के परम मित्र थे। समय के साथ कृष्ण द्वारिकाधीश बन गए। सुदामा की गरीबी देखकर उनकी पत्नी सुशीला ने उन्हें द्वारिका जाकर अपने मित्र कृष्ण से मदद मांगने को कहा लेकिन संकोच के कारण सुदामा सिर्फ उनसे मिलने गए। द्वारिका में जब कृष्ण को सुदामा के आने का पता चला, तो वे नंगे पैर दौड़कर आकर सुदामा को गले लगाया और उन्हें अपने सिंहासन पर बैठाया। सुदामा संकोच वश अपनी पत्नी द्वारा दिए गए चावल की पोटली को छुपा रहे थे, लेकिन कृष्ण ने उसे छीन लिया और प्रेमपूर्वक चावल खाए। सुदामा ने अपनी दरिद्रता के बारे में कृष्ण से कुछ नहीं कहा और खाली हाथ वापस लौट आए। जब सुदामा अपने गाँव लौटे, तो वहां उन्हें अपनी झोपड़ी की जगह एक आलीशान महल मिला। जिसे देखकर वह समझ गए कि कृष्ण ने बिना कहे ही उनकी सारी गरीबी दूर कर दी।

# जैन समाज ने किया विश्व नवकार महामंत्र जप

जीतो चैप्टर्स ने पूरे देश-विदेश में विश्व नवकार महामंत्र जाप दिवस का आयोजन किया। इसी कड़ी में बिलासपुर में सकल जैन समाज ने नवकार महामंत्र का जप सरकंडा मंदिर, अनोप त्रिलोक ज्वेलर्स लिंक रोड, गुजराती समाज टिकरापारा में किया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री जैन श्वेतांबर समाज के सदस्य मुकेश जैन ने एटी ज्वेलर्स लिंक रोड में सुबह जप का आयोजन किया।

जिसमें समाज के संरक्षक विमल चोपड़ा, अध्यक्ष सुभाष श्रीमाल, तेरापंथ समाज के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बोथरा, सुरेंद्र मालू, प्रवीण गोलछा, प्रवीण कोचर, अभिनव डाकलिया, अंकित, रश्मि, किरण चोपड़ा, ज्योति चोपड़ा, तुषार मेहता, योगेश चोपड़ा सहित श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं तेरापंथ समाज के सदस्यों ने भाग लिया। वहीं सरकंडा जैन समाज बिलासपुर ने सरकंडा, क्रांतिनगर, सम्मति विहार जैन मंदिर में पूजन पश्चात 1 घंटे 36 मिनट का जप किया। इस अवसर पर समाज के बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग उपस्थित थे।

### क्रांतिनगर, लिंक रोड, टिकरापारा में कार्यक्रम

### अलग-अलग धुन में गाकर करवाया गया

गुजराती जैन समाज ने जैन भवन टिकरापारा में नवकार महामंत्र का जाप किया। इसे अमिता बेन सुतारिया एवं कल्पा बेन तेजाणी ने अलग-अलग धुन में गाकर करवाया। श्री दशाश्रीमाली स्थानकवासी जैन संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्व शांति के लिए शांतिनाथ भगवान के मंत्र का जाप कर एक लोगस का पाठ किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के पहले मांगलिक किया गया। समाज के अध्यक्ष भगवान दास सुतारिया ने कहा कि इस नवकार महामंत्र के जाप से विश्व में हो रहे कई देशों के बीच युद्ध में विराम लग सकता है। इस महामंत्र की शक्ति से विश्व के सभी व्यक्ति के मन में शांति की एक नई ज्योति की स्थापना होगी। जिससे युद्ध जैसी स्थिति नहीं बनने के आसार बढ़ जाएंगे।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष श्री सुतारिया, गोपाल वेलाणी, मनीष शाह, दीपक सुतारिया, दीपक गांधी, किशोर देसाई, कृष्णा वेलाणी, केतन, प्रशांत सुतारिया, विपुल, शरद दोषी, पारुल सुतारिया, वत्सला कोठारी, रश्मि, ज्योत्सना, उर्मिला तेजाणी, स्मिता सुतारिया, उषा बेन, सोनल, गीतांजलि शाह, हेतल तेजाणी, करिश्मा देसाई, शोभना सुतारिया, मनीषा कपाड़िया, मिली वोरा का सहयोग रहा।

# सिख पंथ के गुरू अर्जुन देव का प्रकाश पर्व उत्साह से मनाया गया, दीवान सजा



सिख पंथ के पांचवे गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश पर्व दयालबंद गुरुद्वारे में बड़े ही हर्षोल्लास श्रद्धा और कीर्तन के साथ मनाया गया। संगतों द्वार गुरबाणी का पाठ और विशेष दीवान सजाकर उनके त्याग सेवा और मानवता के संदेशों को याद किया गया।



**बिलासपुर।** गुरु अर्जुन देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1563 को गोइंदवाल (पंजाब) में हुआ था, सिख पंथ के चौथे गुरु रामदास एवं माता भानी के सबसे छोटे पुत्र थे महज 18 वर्ष की आयु में 1581 में सिख पंथ के पांचवे गुरु बने और गुरु गद्दी मिली और पंथ की सेवा की। आप ने अमृतसर शहर बसाने और पवित्र सरोवर को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अमृतसर में हरमंदिर साहिब की नींव रखी जो मानवता और समानता का प्रतीक बना, इसका नक्शा स्वयं तैयार किया था, 1604 में भाई गुरदास की सहायता से गुरु ग्रंथ साहिब का संपादक किया जिसमें 30 रागों में 2218 शब्दो की रचना शामिल है आप ने 24 अष्टपदियों में रचित सुखमनी साहिब की रचना की जो मन को शांति और शक्ति प्रदान करता है गुरु अर्जुन देव के शब्द सिमरो सिमर सिमर सुख पावों। कल कलेश तन माहे मिटाओ। इसका अर्थ होता है प्रभु के नाम का निरंतर सिमरन कर के सुख प्राप्त करो और शरीर के सारे कलह कलेश मिटाओ गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश पर्व दयालबंद गुरुद्वारे में मनाया गया।




## सुसंस्कृत जीवन शैली के लिए संस्कृत साहित्य का अध्ययन आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संस्कृत भारती बिलासपुर द्वारा संजीवनी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में समाज में संस्कृत की आवश्यकता विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्रीश देव पुजारी ने कहा कि सुसंस्कृत जीवन शैली के लिए संस्कृत साहित्य का अध्ययन आवश्यक है।

मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि वर्तमान समय में संस्कृत घर-घर की आवश्यकता है। संस्कृत भाषा ही पूरे देश को एकता के सूत्र में बांध कर रख सकता है। मुख्य अतिथि डॉ विनोद तिवारी संचालक संजीवनी हॉस्पिटल ने कहा कि संस्कृत में सभी तरह के ज्ञान परंपरा का निर्वाह हुआ है। उन सब की जानकारी के लिए संस्कृत का ज्ञान होना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह सिंगर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्कृत भारती के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार तिवारी, प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू, प्रांत संपर्क प्रमुख दामोदर प्रसाद सोनी, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ गोपेश तिवारी, जिला संयोजक डॉ मनीराम कौशिक, जिला संपर्क प्रमुख श्रीकांत पांडेय, जिला प्रचार प्रमुख कौशल प्रसाद कौशिक का सहयोग रहा। कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष, संत समाज, चिकित्सक, शिक्षाविद्, कथावाचक एवं संस्कृत अनुरागी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

■ संस्कृत भाषा ही पूरे देश को एकता के सूत्र में बांध कर रख सकता है।

स्पोर्ट्स न्यूज

## क्रिकेट में रेलवे की टीम उपविजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने अखिल भारतीय रेल क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव प्राप्त किया।

फाइनल मुकाबले में टीम ने मेट्रो रेलवे के विरुद्ध शानदार संघर्ष का परिचय दिया और द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का लीग चरण चेन्नई में तथा नॉकआउट चरण मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर की विभिन्न रेलवे टीमों ने भाग लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का प्रभावशाली सफर तय किया। उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने पिछले चार वर्षों में तीन बार फाइनल में स्थान बनाकर पदक सुनिश्चित किया है, जिसमें एक स्वर्ण पदक एवं दो रजत पदक शामिल हैं।

यह उपलब्धि खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल भावना को दर्शाती है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपरांत आज टीम के खिलाड़ियों ने महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने खिलाड़ियों को कहा कि "टीम ने जिस समर्पण, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। यह उपलब्धि न केवल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बल्कि पूरे भारतीय रेल के लिए गर्व का विषय है।

मुझे विश्वास है कि आप सभी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त महासचिव एवं समस्त खेल परिवार द्वारा भी टीम के सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी गईं।

## फिर्की गेंदबाजों की बदौलत सेंट्रल जोन ईस्ट जोन ने अपने-अपने मैच जीते

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस अंडर 19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन मैदान में खेला जा रहा है। जिसमें आज रेलवे मैदान में तीसरा मैच ईस्ट जोन बनाम नॉर्थ जोन के मध्य खेला गया। टॉस के पहले पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी गुरु शरण सिंह और संजय शरण ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उसके पश्चात उनके द्वारा ही टॉस की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। जिसमें ईस्ट जोन के कप्तान आदित्य यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.4 ओवर में 175 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। ईस्ट जोन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रारंभिक बल्लेबाज शैवाल सरकार ने 40 रनों का योगदान दिया आर्यन सिंह ने भी 41 रन बनाए श्रेयश सिन्हा ने 30 रनों योगदान दिया। नॉर्थ जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए अर्श वीर सिंह भाटिया ने शानदार पांच विकेट प्राप्त किया, नितांत सिंह ने भी तीन विकेट हासिल किया। इसके पश्चात नॉर्थ जोन ने 176 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 28.4 ओवर में मात्र 119 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। नॉर्थ जोन की ओर से विकेटकीपर आदित्य वर्मा ने सबसे अधिक 49 बनाएं वेदांश खेडिया और त्र्यंबकेश्वर प्रताप सिंह ने 18है 18 रनों का योगदान दिया। ईस्ट जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए यथार्थ सिंह चौहान और अमिया मदारिया ने तीन तीन विकेट प्राप्त किया और ईस्ट जोन ने दूसरा मैच 56 रनों से जीत दर्ज कर चार अंक प्राप्त किया। मैच के निर्णायक अभिनव शर्मा और सी एम बिस्वास थे स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे।



### गेंदबाजी से मैच निर्णायक रहा

वेस्ट जोन ने 100 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 22.2 ओवर में मात्र 89 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें अमय मौर्य ने सबसे अधिक 31 रन और गुणवंत अवस्थी ने 19 रनों का योगदान दिया। सेंट्रल जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए ओम कोसले ने शानदार पांच विकेट प्राप्त किया और धनंजय नायक ने दो विकेट प्राप्त किया मैच के निर्णायक बी पंकज नायडू और ऋषभ सोनी थे स्कोर आर मोहम्मद जाकिर थे। इसके पश्चात पांचवां और छठवां मैच 11 अप्रैल को खेला जाएगा। जिसमें पहला मैच नॉर्थ जोन बनाम सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन बनाम साउथ जोन के मध्य खेला जाएगा। मैच के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, ओपी यादव, रितेश शुक्ला, शरद मुरारका,आनंद टावरकर, सुशांत शुक्ला, शेख अल्फाज, नावेद अली, श्रीनू राव, प्रहलाद तोड़ेकर मैच के दौरान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ठगीः बिल्डर सहित दो आरोपी गए जेल

**बिलासपुर।** पुलिस ने रिसार्ट बनाने के नाम पर शहर के एक व्यक्ति से सवा तीन करोड़ की ठगी करने वाले बिल्डर सहित दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मिनोचा कालोनी निवासी विशाल सिंह चंदेल उर्फ विक्की से रायपुर निवासी बिल्डर दीपेन्द्र पाढ़ी, कुसुमाकर के साथ कान्हा में रिसार्ट बनाने का झांसा देकर वर्ष 2017, 18 में सवा तीन लाख लिया था। उसके बाद पैसा नहीं लौटा रहा था। कोर्ट के आदेश पर परिवाद में पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड में लिया था। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

### डांट लगाने पर 14 साल की छात्रा ने फांसी लगाई

**बिलासपुर।** देर रात तक घूमने से मां व बहनों ने डांट लगाई तो एक 14 साल की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के महिला प्रधान आरक्षक अनिता पाटले ने बताया, कुदूदण्ड गायत्री मंदिर चौक निवासी चंचल यादव पिता राजेन्द्र यादव 14 साल कक्षी नवमीं की परीक्षा दी थी। तीन बहनों में सबसे छोटी थी और उसके पिता उन लोगों से अलग रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से चंचल देर रात तक बाहर घूमकर घर लौट रही थी। 8 अप्रैल की रात 10 बजे वह बाहर से घूमकर घर आई। मां व बड़ी बहनों ने देर रात तक बाहर घूमने पर डांट फटकार लगा दी। इससे क्षुब्ध होकर देर रात चंचल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 9 अप्रैल की सुबह घरवाले सोकर उठे तो उसकी फांसी पर लटकी लाश दिखी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव फंदे से उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### जोन पहुंचे एनएफआईआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवैया

**बिलासपुर।** एनमीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेन की 243 वीं वर्किंग कमिटी मीटिंग बिलासपुर मंडल में आयोजित की जा रही है। शुभारंभ गुरुवार को किया गया, जिसके मुख्य अतिथि महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, अध्यक्षता एनएफआईआर के अध्यक्ष गुमान सिंह, मुख्य वक्ता डॉ.एम राघवैया थे। स्वागत भाषण मजदूर कांग्रेस के जोनल महामंत्री लक्ष्मी नारायण पीताम्बर ने दिया। कार्यक्रम में जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन, संयोजक रवि धल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

---

**पशुपालन विभाग ने जारी किया आदेश** | अपने पास रखा माल बेच सकेंगे चिकन व्यवसायी

# 10 किलोमीटर के दायरे में चिकन की बिक्री पर रोक हटी, परिवहन पर प्रतिबंध जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद शहर में 24 मार्च से चिकन एवं अंडे-चूजों की बिक्री पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध अब हटा दिया गया है। चिकन व्यवसायी अपने पास उपलब्ध उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे। इस दौरान मुर्गे-मुर्गियों व चूजे-अंडों के आवागमन पर प्रतिबंध यथावत रहेगा। न तो यहां के उत्पाद बाहर भेजे जा सकेंगे और न ही बाहर से माल यहां मंगाया जा सकेगा।

पशुपालन विभाग द्वारा 21 दिनों के प्रोटोकॉल के बाद स्थिति सामान्य रहने की स्थिति में एक से दस किलोमीटर के दायरे में चिकन व इससे संबंधित उत्पादों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है। चिकन व्यवसायी अपने पास उपलब्ध उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे।

इस दौरान हर पंद्रह दिनों में पशुपालन विभाग द्वारा कुक्कुट उत्पादों की जांच भी की जाएगी। हर पंद्रह दिनों में लगातार चार बार जांच करने के बाद भी यदि स्थिति सामान्य रही तो परिवहन पर लगाया गया प्रतिबंध भी हटाया जा सकेगा, लेकिन तब तक व्यवसायी किसी भी तरह के कुक्कुट उत्पादों का परिवहन नहीं कर सकेंगे




### बिक्री पर 3 महीने तक प्रतिबंध यथावत

कोनी स्थित शासकीय पोल्ट्री फार्म से एक किलोमीटर के दायरे में खोली गई दुकानों में चिकन व इससे संबंधित सारे उत्पादों की बिक्री तीन महीने तक प्रतिबंधित ही रहेगी। इस दौरान आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर उत्पादों को भूमिगत कर दिया जाएगा व इसका मुआवजा भी संबंधितों को नहीं दिया जाएगा। यह कार्रवाई प्रतिबंध के दौरान बाहर से कुक्कुट उत्पादों का परिवहन करने वालों के खिलाफ भी की जाएगी।

### एक किलोमीटर पर रहेगा प्रतिबंध

कोनी स्थित कुक्कुट प्रक्षेत्र से शून्य से एक किलोमीटर के दायरे में स्थापित दुकानों में बिक्री तीन महीने तक प्रतिबंधित ही रहेगी। इसी तरह एक से दस किलोमीटर के बीच चिकन उत्पादों की बिक्री पर लगाया प्रतिबंध हटा दिया गया है। व्यवसायी अपने पास उपलब्ध उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे, लेकिन उत्पादों के बाहर भेजने व बाहर से लाने की अनुमति नहीं होगी।

**-डा. जीएस तंवर,** संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

### विशेषज्ञों का यहां रिपोर्ट देने से इनकार, बोले भारत सरकार ने भेजा

■ **एम्स रायपुर के विशेषज्ञों द्वारा आज दी जानी थी रिपोर्ट**

एम्स रायपुर की चार सदस्यों वाली टीम ने शहर में तीन दिनों तक रूककर बर्ड फ्लू का शहरवासियों पर हुए संभावित असर की विस्तृत जांच की थी, जिसकी गुरूवार को उन्हें रिपोर्ट सौंपनी थीं। पशुपालन विभाग द्वारा रिपोर्ट मांगे जाने पर विशेषज्ञों ने भारत सरकार के निर्देशानुसार यहां आने की बात कहते हुए रिपोर्ट भी भारत सरकार को ही सौंपने की बात कही।

भारत सरकार के निर्देशानुसार बर्ड फ्लू से शहरवासियों में संभावित असर का पता लगाने शहर पहुंची एम्स रायपुर के चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने वापसी कर ली है। तीन दिनों तक शहर में रहने के दौरान उन्होंने कोनी स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र एवं वेटनरी कॉलेज सहित आसपास के गांवों का भी निरीक्षण किया था। बुधवार को जांच से संबंधित काम पूरा होने के बाद टीम के द्वारा गुरूवार को रिपोर्ट सौंपी जानी थी। इस दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट की मांग भी की गई, लेकिन विशेषज्ञों ने यहां रिपोर्ट देने से मना कर दिया। विशेषज्ञों का कहना था कि उन्हें भारत सरकार द्वारा निरीक्षण के लिए यहां भेजा गया है। ऐसे में रिपोर्टिंग भी भारत सरकार को ही की जाएगी।

### सकारात्मक रिपोर्ट दी गई होगी

एम्स रायपुर की टीम के द्वारा गुरूवार को अपनी रिपोर्ट दी जानी थी। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार यहां जांच के लिए उपस्थित होने की बात कहते हुए रिपोर्ट भी भारत सरकार को ही प्रस्तुत करने की बात कही गई है। विशेषज्ञों ने सारी व्यवस्थाओं से संतुष्ट होने की बात कहते हुए सकारात्मक रिपोर्ट देने का भरोसा दिया है।

**-डा. जीएस तंवर,** संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

---



गुरूवार को अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते नगर निगम का अमला।

होटलों की पार्किंग पर कार्रवाई, डी मार्ट की रेलिंग तोड़ी गई

# बेसमेंट पार्किंग में कोचिंग, सर्विसिंग सेंटर गोदाम को नगर निगम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा पार्किंग स्थल का दुरूपयोग करने वाले संस्थानों के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई की गई है। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर तीन भवनों के पार्किंग को सील किया गया है और डी मार्ट के द्वारा सड़क की ओर बनाई गई लोहे की रेलिंग तोड़ी गई है। डी मार्ट को 48 घंटे के भीतर नक्शा अनुरूप बाउंण्ड्रीवाल बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर आज भवन अधिकारी अनुपम तिवारी के साथ निगम की टीम पार्किंग के मामले में कार्रवाई करने निकली। निगम द्वारा सीपत रोड में स्थित पार्किंग का दुरूपयोग करने वाले भवनों के पार्किंग को सील किया गया। सीपत रोड में संचालितबेसमेंट पार्किंग को सील कर दिया गया है। इसी तरह एक होटल के बेसमेंट पार्किंग को गोदाम बनाया गया था, उसे भी सील किया गया है। इसके अलावा साइंस कॉलेज के पास पुष्पेन्द्र साहू के बिल्डिंग में बनाए गए पार्किंग स्थल को कोचिंग संस्थान को किराए पर दिया गया था, जिसे सील किया गया है।

भवन मालिकों द्वारा पार्किंग स्थल का दुरूपयोग कर अन्य प्रायोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है, जिससे उक्त भवनों की पार्किंग सड़क पर होती है। इसके कारण ट्रैफिक व्यवधान और जाम लगता है। आज कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी अनुपम तिवारी सहित आशीष पाण्डेय, जुगलकिशोर सिंह, अरूण कुमार यादव, रानू पाण्डेय, सुमित तिवारी, लालराम यादव, संतोष वर्मा, शिव बहादुर जायसवाल के साथ ही यातायात पुलिस बल भी शामिल रहा।



गोदाम को सील करते नगर निगम के कर्मचारी।

# ट्रेन गिराने की कोशिश पकड़े गए नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल लाइन पर 8 से 10 बड़े-बड़े पत्थर रखकर ट्रेन को गिराने की कोशिश करने वालों की खोजबीन के बाद आरपीएफ ने तीन नाबालिगों को पकड़ा है, जिन्होंने खेल-खेल में पत्थर को रेलवे ट्रैक पर रख दिया और कर्मचारी को आते देख फरार हो गए थे। आरपीएफ ने तीनों नाबालिग के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

■ **रेल लाइन पर रखे थे पत्थर**

रेल मंडल बिलासपुर के तहत बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच किसी असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन को गिराने की कोशिश की, जिसकी सूचना पर आरपीएफ और संबंधित विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कोशिश को नाकाम कर दिया। जानकारी के अनुसार बिलासपुर-कटनी सेक्शन के अंतर्गत अमलाई से बुढ़ार के बीच तीन लाइन बनी हुई है। इसमें दोपहर को दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति, हमसफर, गरीब रथ, उत्कल सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन होता है। प्रतिदिन की तरह दो दिन पहले दोपहर 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ उसलापुर से कटनी की ओर रवाना की गई थी। इस दौरान अमलाई और बुढ़ार के बीच ट्रेन शाम को 17.20 बजे पहुंची, जिसके स्टापेज के बाद रवाना होने का समय 17.45 बजे निर्धारित था। इसी बीच ट्रेन मैनेजर को सूचना मिली अमलाई-बुढ़ार के बीच किलोमीटर 883/27-30 के अप लाइन पर रेलवे ट्रैक में किसी ने ट्रेन को दुर्घटना करने के लिए बैलास्ट के टुकड़े रख दिए हैं। सूचना मिलते ही ट्रेन मैनेजर ने तत्काल ट्रेन को नियंत्रित कर दिया। इसके उपरांत अमलाई पीडब्लूआई और आरपीएफ स्टाफ को सूचित किया गया। जानकारी लगते ही ड्यूटी पर मौजूद टीए और इंजीनियरिंग स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर तत्काल रेलवे ट्रैक पर पड़े बैलास्ट को हटाकर शाम 17.43 बजे ट्रेन रवाना करने ग्रीन सिग्नल दिया। बिलासपुर जोन और डिवीजन के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ गुप्तचर शाखा के उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक सिंह, वीके तिवारी ने अपराधियों की खोजबीन शुरु कर दी। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों की मदद से तीन अपचारी बालकों की पहचान हुई।


ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन गिराने की कोशिश नाकाम

हरिभूमि मे प्रकाशित खबर।

---

# गर्मी में एसी बंद, यात्रियों ने किया हंगामा

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में उत्कल एक्सप्रेस का एसी अचानक बंद हो गया, जिससे हलाकान यात्रियों ने चेन पुलिंग कर हंगामा मचाना शुरु कर दिया। इसके कारण उत्कल एक्सप्रेस करीब एक घंटे तक उसलापुर स्टेशन में खड़ी रही।

■ **एक घंटे खड़ी रही उत्कल**

प्रतिदिन की तरह कटनी, पेण्ड्रारोड की ओर से बिलासपुर होकर पुरी जाने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश हरिद्वार-पुरी उत्कल एक्सप्रेस गुरुवार को भी निर्धारित समय से काफी लेट चल रही थी। इस ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने का समय सुबह 9 बजे का रहता है। वहीं गर्मी के समय ज्यादातर यात्री एसी कोच में ही सफर करना पसंद कर रहे हैं। एक ओर गर्मी और दूसरी ओर ट्रेन लेट के कारण उत्कल में सफर करने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन के बाद हुई, जब एसी कोच एम 1 के एसी ने काम करना बंद कर दिया। दोनों ओर से गेट बंद और खिड़की में कांच के कारण यात्रियों को परेशानी होने लगी। यात्रियों ने इसकी शिकायत ट्रेन के एसी अटेंडर और टीटीई से की, लेकिन एसी को ठीक नहीं किया गया। दोपहर 12.30 बजे ट्रेन उसलापुर स्टेशन के पास पहुंची, जिसके स्टेशन में स्टापेज नहीं दिए जाने और एसी को ठीक नहीं करने पर यात्रियों ने चेन पुलिंग कर हंगामा मचाना शुरु कर दिया। यात्रियों के हंगामा और ट्रेन रूकने के कारण आरपीएफ और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे, जहां यात्रियों ने एसी को ठीक करने मांग की। यात्रियों की मांग के बाद एसी स्टाफ को बुलाया गया। करीब एक घंटे बाद एसी ठीक कर ट्रेन को बिलासपुर की ओर रवाना कर दिया गया। इसकी वजह से बिलासपुर स्टेशन में दो घंटे लेट पहुंचने वाली उत्कल तीन से चार घंटे विलंब से आई।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से फारेस्ट गार्ड की मौत, एक घायल

**बिलासपुर।** छठ्ठी कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार फारेस्ट गार्ड को पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने से गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। उनका दोस्त घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मृतक।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, कोरबा हरदीबाजार रेकी निवासी अमरनाथ पटेल पिता जानकुराम पटेल 37 साल कटघोरा गुरसिया में फारेस्ट गार्ड के पद पर पदस्थ थे। 8 अप्रैल को वह अपने दोस्त भानूप्रताप राज के साथ रिश्तेदार के घर कोटा लमेर छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उसके बाद रात में दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। देर रात कर्रा व रैनपुर के बीच पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उनकी तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने से अमरनाथ पटेल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और भानूप्रताप राज घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए रतनपुर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिलासपुर।** सदरबाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, पेंड्रा निवसी अगम वात्सलय जैन पिता कमलेश जैन 32 साल गोंड़पारा में किराए के मकान में रहकर होटल में काम कर रहे थे। 8 अप्रैल की सुबह रेपीडो बाइक बुक कर जा रहे थे। सदरबाजार में अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अगम को गंभीर चोट आई। रैपीडो के चालक उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। 9 अप्रैल को परिजन के आने के पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। घटना के दौरान वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई थी, लोग घटना की जानकारी लेते रहे।

# युवक को मारा चाकू, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** शादी का कार्ड देने के बाहने नकाबपोश तीन युवकों ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही एक नकापोश ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर तीनों भाग गए। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। मोपका निवासी विजय साहू पिता गणेश साहू ने बताया कि 9 अप्रैल की शाम वह शराब दुकान से शराब पीने के बाद घर चला गया। रात 7.30 बजे शादी का कार्ड देने की बात कहते दरवाजा खटखटाने पर उन्होंने दरवाजा खोला। सामने में नकाबपोश तीन युवक खड़े थे। इसी दौरान एक युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया।






# बर्न वार्ड की बदलेगी सूरत, जल्द होगा रिनोवेशन

**बिलासपुर।** सिम्स में एक साल के भीतर वार्डों का कायाकल्प हो रहा है, लगातार एक के बाद एक वार्ड संवारे जा रहे हैं, जिससे सिम्स का सूरत ए हाल दिन बद दिन बदल रहा है। ट्राइएज, इमरजेंसी के बाद अब बर्न वार्ड को भी संवारने का बीड़ा उठाया जा रहा है। प्रबंधन 20 बेड के बर्न वार्ड में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराएगा।

■ **मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की प्रतिबधता**

बर्न वार्ड जैसे सबसे पुराने वार्ड में मरीजों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वेंटिलेशन की समस्या होने के कारण सीपेज और दुर्गंध मरीजों को सहनी पड़ती है। छत खराब होने के कारण बारिश के दिनों में सीपेज की समस्या भी आम बात है। जिसे लेकर सिम्स प्रबंधन बड़े कदम उठाने जा रहा है। स्वशासी समिति द्वारा जल्द ही बर्न वार्ड में निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा,अन्य वार्ड की तरह बर्न वार्ड का भी रिनोवेशन किया जाएगा। दरअसल बर्न वार्ड में 20 बेड के साथ संचालित किया जा रहा है। सर्जरी वार्ड के तहत यहां डाक्टर और नर्स की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन असुविधाओं के चलते औसत 5 से 6 मरीज ही वार्ड में भर्ती रहते हैं। आए दिन होने वाली समस्याओं को देखते हुए बर्न वार्ड को नए सिरे से बनाया जाएगा।

### केन्द्रीय फंड से किया जाना था निर्माण

खास बात यह है कि बर्न यूनिट के लिए केन्द्र सरकार द्वारा फंड देने का प्रस्ताव बनाया गया था, प्रबंधन द्वारा इसके लिए पत्राचार भी किया गया लेकिन बाद में ना तो फंड आया और ना ही इसकी स्वीकृति मिल सकी। जिसके बाद से बर्न वार्ड को बर्न यूनिट और क्रिटिकल केयर में में तब्दील नहीं किया जा सका है। प्रबंधन ने बर्न वार्ड की समस्या को देखते हुए अन्य मदों से निर्माण कराने की बात कह रहा है।

### सभी वार्ड संवारे जाएंगे

धीरे-धीरे पिछले 6 से 8 माह में 3 वार्ड पूरी तरह से रिनोवेट हो चुके हैं। कैजुवल्टी, आपरेशन थिएटर,गायनिक, ट्राइएज और अब इमरजेंसी वार्ड भी रिनोवेट हो रहा है। इसके बाद बर्न वार्ड और अन्य वार्डों को संवारा जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स अस्पताल

